हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

9 टीम ने भट्ट मंडी से मिठाई और पनीर के लिए सात सैंपल



9 भूना में अवैध कॉलोनी पर चला प्रशासन का चाबुक



खबर संक्षेप

6 जुआरी 22,700 रुपये सहित किए गिरफ्तार

सिरसा। शहर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान पीर बस्ती के थेहड़ मोहल्ले में एक खाली मकान पर दबिश देकर 6 लोगों को 22,700 रुपए की नकदी और ताश के पत्तों सहित काबू किया है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस टीम बीती रात गश्त के दौरान थेहड़ मोहल्ला क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पीर बस्ती में एक खाली मकान में कुछ लोग इक_ा होकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और जुआ खेल रहे 6 लोगों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 22,700 नकदी बरामद की।

पुलिस ने 10 210 की सट्टाराशि सहित तीन दबोचे

सिरसा। सिरसा पुलिस ने सट्टा खाईवाली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग जगहों से तीन लोगों को 10,210 रुपए की सट्टाराशि सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डिंग थाना, बडागुढ़ा थाना और सदर थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में डिंग थाना पुलिस ने गांव भावदीन में दबिश देकर मंगत राम निवासी भावदीन को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 4,410 रुपए की सट्टाराशि, एक पेन और नंबर लिखी डायरी बरामद हुई।

बाइक सवार दो युवक 16.33 ग्राम हेरोइन सहित दबोचे

रानियां। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने रानियां क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए बाइक सवार दो युवकों को हजारों रूपए की 16 ग्राम 33 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की टीम गश्त व चैकिंग के दौरान ऐलनाबाद से होते हुए रानियां की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब रानियां थाना क्षेत्र के गांव हरिपुरा के नजदीक पहुंची तो गांव हरिपुरा की तरफ से बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए।

हेरोइन के 7 साल पुराने मामले में आरोपी काबू

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस ने वर्ष 2019 में गांव माजरा में पकड़ी गई 50 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी मंगत सिंह उर्फ मांगी निवासी माजरा को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि 18 जून 2019 को सीआईए फतेहाबाद पुलिस टीम गांव माजरा से ढाणी माजरा की ओर गश्त पर थी। गश्त के दौरान गांव माजरा के हड्डारोड़ी क्षेत्र के पास पुलिस टीम ने विकास उर्फ काछी निवासी माजरा को 50 ग्राम हेरोइन सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। तत्कालीन जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी विकास उर्फ काछी ने पूछताछ में अपने भाई मंगत सिंह उर्फ मांगी की संलिप्तता का खुलासा किया था।

पुलिस ने तीसरे आरोपी गुरजीत को किया काबू

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस ने हेरोइन बरामदगी के मामले में कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए मुख्य आरोपी गुरजीत सिंह पुत्र पंजाब सिंह निवासी भिरड़ाना को काबू किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस मामले में अब तक कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी रवि पुत्र गुरबक्श सिंह निवासी गांव भिरडाना को 10.39 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया था।

जिलेभर में सुबह से ही दिखने लगा लोगों में दशहरे का उत्साह

फतेहाबाद में धूं-धूं कर जला रावण, बुराई पर अच्छाई की जीत का गवाह बना शहर

10 प्रमुख स्थानों पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पावन पर्व दशहरा जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। फतेहाबाद जिला मुख्यालय समेत भूना, जाखल, भट्टू, रतिया, टोहाना और आसपास के कई बड़े गांवों सहित कुल 10 प्रमुख स्थानों पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। त्योहार को लेकर जिलेभर के बाजारों और आयोजन स्थलों पर सुबह से ही जबरदस्त चहल-पहल और उत्साह का माहौल बना रहा। मिठाई की दुकानों खासकर जलेबी की स्टालों पर काफी भीड़ उमड़ी हुई थी। फतेहाबाद में सर्व समाज त्योहार सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार दोपहर को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और इसके पश्चात मिनी बाईपास सेक्टर-10 स्थित मैदान में रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। इस शोभायात्रा की मुख्य अतिथि नगर परिषद फतेहाबाद की वाइस चेयरमैन सविता टूटेजा रहीं, जबकि अध्यक्षता पूर्व पार्षद अनीता कुक्कड़ ने की। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और रावण सहित विभिन्न देवी-देवताओं की सजीव और आकर्षक झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा के आगे श्रद्धालु भक्ति में झूमते-गाते और आतिशबाजी करते हुए चल रहे थे।



रतिया। दशहरे पर शहर में निकाली गई शोभा यात्रा। फोटो: हरिभूमि

सेक्टर-10 में हुआ दशहरे का मुख्य आयोजन

शाम को मिनी बाईपास, सेक्टर-10 स्थित मैदान में मुख्य दशहरा पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक और पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ भगवान राम और रावण की सेना के बीच प्रतीकात्मक युद्ध का मंचन किया गया। कार्यक्रम में फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के चेयरमैन राजेंद्र खिची ने की। सूर्यास्त के समय, मुख्य अतिथि विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने बुराई के प्रतीक रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों को अग्नि दी।



रतिया में 60 फुट के रावण का दहन

रतिया। शक्ति नाटक क्लब द्वारा शहर के सीनियर सेकेंडरी बॉयज स्कूल में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। रतिया में इस बार 60 फुट के रावण का दहन किया गया। इसको लेकर मंगलवार सुबह रामलीला ग्राउंड से दशहरा पर्व को लेकर भगवान श्री राम और रावण की सेना की झांकियां निकाली गई जिनको पंजाबी सभा के पूर्व प्रधान डॉ. जीडी मेहता के सुपुत्र विक्की मेहता ने झंडी देकर रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सभा अध्यक्ष सतीश हांडा ने की। शक्ति नाटक क्लब द्वारा निकाली की झांकी में सागर आर्ट की शिव भोलेनाथ, काली माता, अघोरी की कंकाल सेना व भगवान श्री हनुमान की झांकी ने शहर वासियों को रोमांचित किया आर्ट ग्रुप की शिव भोलेनाथ और काली माता की झांकी ने देखने वालों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल, नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञानचंद चोपड़ा, संयोजक डॉ. हंसराज, विज्ञान सागर बाघला, हरबंस खन्ना, कृष्ण तनेजा, रघुनाथ मंदिर कमेटी के प्रधान सुभाष चुघ,शाम आनंद, काली माता मंदिर कमेटी के प्रधान श्यामलाल बंसल, अरोड़वंश सभा के पूर्व प्रधान अशोक ग्रोवर, पंचनाथ स्मारक ट्रस्ट के प्रधान रोहित चुघ, सोनू ग्रोवर, सुरेश मेहता, विन्नी वधवा, देव ककड़ आदि रहे।



सिरसा। शोभायात्रा को धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना करते विधायक गोतुल सेतिया।

रावण दहन से पूर्व शहर में निकाली भव्य शोभा यात्रा

- विधायक गोकुल सेतिया व हरियाणा गद्दीपति संजू महंत ने ध्वज दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

अंहकारी रावण को दंडित करने के उद्देश्य से मंगलवार को शहर में भगवान श्रीराम की सेना निकली। शहर की प्रमुख चार रामलीलाओं जिसमें श्रीरामा क्लब, श्री विष्णु क्लब, श्री सियाराम क्लब व श्री लक्ष्मण कला केंद्र के तत्वावधान में शहर के विभिन्न भागों में भगवान श्रीराम की वानर सेना निकली। मंगलवार को अपने-अपने आयोजन स्थलों से निकली भगवान श्रीराम की सेना जयश्री राम की जय जयकार करते हुए विभिन्न बाजारों से निकली। इस दौरान शहरवासियों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण आदि के चरणों में शीश नवाकर उनसे आशीर्वाद लिया। आयोजकों की ओर से शहरवासियों को प्रसाद भी वितरित किया गया। क्लब के प्रधान दीपक सेठी सहित सभी पदाधिकारियों ने कहा कि श्री विष्णु क्लब का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में भाईचारा, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना है। इस मौके पर दीपक सेठी, प्रेम शर्मा, आकाश साहनी, सुमित कथूरिया, हैरी हमराज, सुभाष मेहरा, अरविंद साहनी, सुरेश गुगलानी, विकास सेठी आदि रहे।

जगह-जगह स्वागत

श्री विष्णु क्लब की ओर से शहर में निकाली गई शोभायात्रा को विधायक गोकुल सेतिया और हरियाणा गद्दीपति संजू महंत ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। संजू महंत की शिष्या महक महंत और कांग्रेस नेता कर्ण चावला विशेष रूप से मौजूद रहे। शहर में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और भगवान श्रीराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा में सुसज्जित भगवान श्रीराम का रथ आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और भगवान श्रीराम के समक्ष शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक गोकुल सेतिया और हरियाणा गद्दीपति संजू महंत ने नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होने और अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त करने का आह्वान किया गया।

सिरसा में तीन स्थानों पर हुआ रावण दहन

- 60 फुट रावण के पुतले की 80 फुट की जलेबी मूंछें रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शहर में मंगलवार को तीन अलग-अलग जगहों पर बुराई के प्रतीक रावन के पुतले दहन किए गए। श्री रामा क्लब द्वारा सावन स्कूल के समीप दशहरा मैदान में, श्री विष्णु क्लब द्वारा सीडीएलयू के सामने मैदान में तथा सियाराम क्लब द्वारा रानियां रोड पर दशहरा मैदान में रावण परिवार का दहन कर दशहरा पर्व मनाया गया। तीनों स्थानों पर भगवान श्रीराम ने बुराई के प्रतीक रावण व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया। वहीं पर्व के दौरान भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने जिलेभर में करीब 800 जवान तैनात किए। बाजारों में यातायात संभालने के लिए 65 से 70 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहे। विजयदशमी पर्व पर मंगलवार को सिरसा में अलग अलग स्थानों पर बुराई के प्रतीक रावण के पुतलों का दहन किया गया। रामा क्लब की ओर से जहां एक विधायक गोकुल सेतिया ने दूसरी ओर विष्णु क्लब व सियाराम क्लब की ओर से सिरसा के पूर्व विधायक गोपाल कांडा ने पुतलों को अग्नि दी। इस दौरान शहर में तीनों क्लबों की ओर से भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई जिसे लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। इन प्रबंधों के तहत जहां एक ओर शहर भर के प्रमुख बाजारों में पुलिस राइडर्स गश्त लगाते रहे वहीं किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए दशहरा स्थलों पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। श्री रामा क्लब की ओर से दशहरा पर्व का आयोजन सावन स्कूल के सामने स्थित दशहरा मैदान में किया गया। यहां पर रावण का पुतला 60 फुट व उसकी 80 फुट लंबी मूंछें आकर्षण का केंद्र रही।





सिरसा। लंका दहन करते हुए विधायक गोकुल सेतिया तथा धूं-धूंकर जलते हुए रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतले।

अंगद के शक्ति प्रदर्शन ने किया दंग

- रतिया की ऐतिहासिक रामलीला में अंगद का शक्ति प्रदर्शन और लक्ष्मण मूर्छित का प्रसंग देख भावुक हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शक्ति नाटक क्लब रतिया द्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर गुरुद्वारा ग्राउंड, शक्ति नगर में आयोजित ऐतिहासिक रामलीला के मंचन ने इन दिनों दर्शकों को पूरी तरह से भाव-विभोर कर दिया है। रामलीला के 11वें दिन सोमवार रात्रि को मंचित किए गए 'अंगद का रावण दरबार में पांव जमाना' और 'लक्ष्मण मूर्छित होने' के सजीव दृश्यों ने पंडाल में मौजूद हर दर्शक का मन मोह लिया। इस दौरान नैना देवी लंगर कमेटी के चेयरमैन फतेह चंद सरदाना, अरोड़वंश सभा रतिया के पूर्व प्रधान अशोक ग्रोवर, पंजाबी सभा के संजय मक्कड़, सीएम विंडो नॉमिनेटेड पर्सन अंजू जग्गा, प्रवीण जग्गा, पूर्व पार्षद प्रमोद कक्कड़ आदि रहे।



रतिया। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो: हरिभूमि

रावण के घमंड को किया चूर-चूर

मंचन के दौरान अंगद भगवान श्रीराम का संदेश लेकर लंका के राजदरबार में पहुंचते हैं। वे रावण को समझाते हैं कि माता सीता का हरण करना अधर्म है और उसे सीता को वापस कर श्रीराम से क्षमा मांग लेनी चाहिए। अपने बल और सेना के घमंड में चूर रावण उनकी बातों को अनसुना कर श्रीराम का अपमान करता है। इसके जवाब में अंगद रावण के दरबार में अपना पांव जमाकर खुली चुनौती देते हैं कि यदि दरबार में से कोई भी उनका पैर हिला देगा, तो श्रीराम की हार मान ली जाएगी। अंगद और रावण के बीच के इस तीखे संवाद और दरबारियों की विफलता ने दर्शकों में भारी उत्साह भर दिया।



रतिया। गांव लाली के खेल मैदान में सुरक्षा की दृष्टि से तैनात पुलिस फोर्स।

लाली में खेल मैदान पर दशहरा मनाने को लेकर हुआ विवाद

- खिलाड़ियों और रामलीला कमेटी में ठनी, पुलिस ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

गांव लाली में मंगलवार को खेल मैदान में दशहरा समारोह के आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और रामलीला कमेटी के बीच विवाद खड़ा हो गया। स्थिति को तनावपूर्ण होते देख सदर थाना अध्यक्ष शीशपाल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।

पुलिस और ग्रामीणों की मध्यस्थता के बाद आखिरकार खिलाड़ियों को समझाया गया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में पिछले कुछ दिनों से रामलीला का मंचन किया जा रहा था और कमेटी द्वारा मंगलवार को दशहरा पर्व मनाने के लिए गांव के खेल ग्राउंड का चयन किया गया था। इस निर्णय पर खेल मैदान में अभ्यास करने वाले कुछ खिलाड़ियों ने कड़ा ऐतराज जताया।

यह था विवाद

खिलाड़ियों का तर्क था कि खेल ग्राउंड में दशहरा मनाने और भारी भीड़ जुटने से क्रिकेट की पिच और खेल मैदान खराब हो जाएगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई और गांव में माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी शीशपाल पुलिस टीम के साथ तुरंत गांव लाली के खेल मैदान में पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराते हुए उनकी बातें सुनीं। थाना प्रभारी ने खिलाड़ियों को समझाया कि ग्रामीण भी खेल मैदान में ही दशहरा पर्व मनाना चाहते हैं और इससे खेल ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचने दिया जाएगा। पुलिस की समझाइश के बाद खिलाड़ी मान गए। सुरक्षा के मद्देनजर गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रहे।

झाड़ियों में मिला युवक का शव

- दो दिन पुराना होने की आशंका जता रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

टोहाना रोड से सटी कलर कॉलोनी में मंगलवार को एक खाली प्लॉट की झाड़ियों के बीच करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही रतिया सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, खाली प्लॉट में पड़े शव से काफी तेज दुर्गंध आ रही थी, जिसके बाद आसपास के लोगों ने मौके पर जाकर देखा। झाड़ियों में एक युवक का शव अडिय़ल हालत में पड़ा हुआ था। लोगों ने आशंका जताई है कि यह शव करीब दो दिन पुराना हो सकता है। हालांकि, युवक की मौत किन परिस्थितियों में और कब हुई, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल के पास ही एक लावारिस हालत में खड़ी मोटरसाइकिल भी मिली है।



रतिया। युवक का शव मिलने पर मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त करते हुए शहर थाना प्रभारी। फोटो: हरिभूमि

सड़क हादसे में पूर्व विधायक के ड्राइवर की मौत, मचा कोहराम

फतेहाबाद। शहर के साथ लगते गांव बीघड़ में बनावाली हेड के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक प्रदीप की मौत हो गई। मृतक प्रदीप शेखुपुर दड़ोली गांव का रहने वाला था और पिछले करीब तीन वर्षों से भाजपा के पूर्व विधायक दुड़ाराम की गाड़ी पर चालक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा था। यह हृदयविदारक हादसा सोमवार रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ, जब वह फतेहाबाद से अपने पैतृक गांव लौट रहा था लेकिन रात के समय अंधेरा होने और सुनसान इलाका होने के कारण किसी को इसकी तुरंत जानकारी नहीं मिल पाई। मंगलवार सुबह जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल देखी, तब जाकर इस हृदयविदारक घटना का पता चला। मिली जानकारी के अनुसार, प्रदीप सोमवार रात अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था। इसी दौरान गांव बीघड़ में बनावली हेड के पास अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रदीप को गंभीर चोटें आईं।



प्रदीप का फाइल फोटो

धान खरीद हैफेड की उठान दर 63 प्रतिशत के साथ सबसे बेहतर

फतेहाबाद की मंडियों में 55 हजार टन धान उठान के इंतजार में, खरीदे गए धान का 55 प्रतिशत ही उठान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक बढऩे के साथ खरीद और उठान के बीच का अंतर भी सामने आने लगा है। 19 अक्टूबर तक जिले की मंडियों में एक लाख 95 हजार 513 मीट्रिक टन धान पहुंच चुका है। सरकारी एजेंसियों ने इसमें से एक लाख 22 हजार 945 मीट्रिक टन धान की खरीद की है, जबकि खरीदे गए धान में से 67 हजार 864 मीट्रिक टन का ही उठान हो पाया है। यानी कुल खरीद का करीब 55 प्रतिशत धान ही मंडियों से बाहर पहुंचा है। शेष 55 हजार 81 मीट्रिक टन धान उठान के इंतजार में है।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में आई धान की फसल। फोटो: हरिभूमि

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पास सबसे ज्यादा धान लंबित

एजेंसीवार आंकड़ों के अनुसार खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने अब तक 43,945 मीट्रिक टन धान खरीदा है। इसमें से 19,339 मीट्रिक टन का उठान हुआ है, जबकि 24,606 मीट्रिक टन धान उठाया जाना बाकी है। विभाग की उठान दर 44 प्रतिशत है। तीनों एजेंसियों में इसी के पास सबसे ज्यादा लंबित स्टॉक है। हैफेड ने 52,366 मीट्रिक टन धान की खरीद की है और 32,840 मीट्रिक टन का उठान कर लिया है। एजेंसी के पास 19,526 मीट्रिक टन धान लंबित है। इसकी उठान दर 63 प्रतिशत है, जो तीनों एजेंसियों में सबसे बेहतर है। हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 26,634 मीट्रिक टन धान खरीदा है। इसमें से 15,685 मीट्रिक टन का उठान हुआ है और 10,949 मीट्रिक टन धान उठाया जाना बाकी है। इसकी उठान दर 59 प्रतिशत है। 19 अक्टूबर को हुई कुल 25,291 मीट्रिक टन खरीद में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का योगदान सबसे अधिक रहा। विभाग ने एक दिन में 15,734 मीट्रिक टन धान खरीदा। हैफेड ने 6,382 मीट्रिक टन और एचडब्ल्यूसी ने 3,175 मीट्रिक टन की खरीद की।



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला



जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर

नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), सई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

खबर संक्षेप

रघुनाथ मंदिर में दुर्गाष्टमी पर हुआ भव्य जागरण

फतेहाबाद। पावन नवरात्रि के समापन अवसर पर स्थानीय श्री रघुनाथ मंदिर में अष्टमी की रात्रि को माँ दुर्गा जी का जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा ने माँ की ज्योति प्रज्वलित करके जागरण का शुभारम्भ करवाया। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु मौजूद थे। यह जानकारी देते हुए नवरात्रि पूजा करवा रहे बन्टी निझारा व विजय जग्गा ने बताया कि नवरात्रि के मौकें पर प्रत्येक वर्ष श्रद्धालु श्री रघुनाथ मंदिर में स्थित दुर्गा भवन में 9 दिन पूरे उत्साह व श्रद्धापूर्वक पूजन किया।

गुरु रामदास के प्रकाशोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

रतिया। गुरु रामदास महाराज जी का प्रकाशोत्सव की तैयारियों को लेकर शहर के पुराना बाजार स्थित गुरूद्वारा श्री गुरू ग्रंथ साहिब में श्री गुरु रामदास सेवा सोसायटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जगसीर सिंह ने की। सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि चौथे पातशाह श्री गुरु रामदास साहिब महाराज जी का प्रकाशोत्सव सोसायटी द्वारा संगत के सहयोग से हर वर्ष गुरद्वारा साहिब में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। बैठक में सदस्यों द्वारा 27 अक्टूबर को गुरु रामदास महाराज जी का प्रकाशोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया।

दो युवक 29 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार

सिरसा। सिरसा पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थानों से अवैध रूप से बेची जा रही 29 बोतल अवैध शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ऐलनाबाद थाना पुलिस की टीम ने ऐलनाबाद क्षेत्र मे मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक व्यक्ति प्लास्टिक का कट्टा लेकर पैदल आता दिखाई दिया। उक्त व्यक्ति ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर वहां से फरार होने का प्रयास किया तो पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए व्यक्ति को काबू कर प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली तो कट्टे में 15 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

अग्रोहा धाम हमारी आस्था का प्रतीक : सुरेन्द्र मित्तल

फतेहाबाद। अग्रोहा धाम में 25 अक्टूबर रविवार को 43वां विशाल वार्षिक अग्रोहा मेला बड़ी धूमधाम, श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। अग्रोहा विकास ट्रस्ट, जिला फतेहाबाद के प्रधान सुरेन्द्र मित्तल ने बताया कि यह ऐतिहासिक मेला केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि समाज की एकता, भाईचारे, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं का भी प्रतीक है।

सी टेट पास को 1 नवंबर से सरकार देगी 9 हजार

सिरसा। भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. गंगासागर केहरवाला ने प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा में कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट पास करने वाले युवाओं को एक नवंबर से 9 हजार रुपये मासिक देने की घोषणा को स्वागत योग्य बताया है। केहरवाला ने जारी बयान में कहा कि युवाओं के हितों से जुड़े ऐसे फैसले उनके भविष्य और आर्थिक स्थिति के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। सरकार की ओर से इस योजना के लिए अगले सप्ताह पोर्टल खोला जाएगा, जिससे पात्र युवा आवेदन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

महात्मा बुद्ध योग संस्था ने किया हवन

सिरसा। विजयदशमी के पावन पर्व पर श्रीमत सिटी सेंटर के पार्क में महात्मा बुद्ध योग संस्था की ओर से विश्वशांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य योग साधकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और आहुति डालकर लोक कल्याण की कामना की। हवन के उपरांत संस्था के संस्थापक नरेंद्र योगी ने उपस्थितजनों से कहा कि विजयदशमी का पर्व हमें यह संदेश देता है कि हमेशा धर्म की जीत और अधर्म का नाश होता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जीवन में तमाम परिस्थितियों के बावजूद हमें सदा सच्चाई का साथ देना चाहिए।

खाद्य सुरक्षा विभाग का छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप

टीम ने भट्टू मंडी से मिठाई और पनीर के लिए सात सैंपल

त्योहारों के दौरान मिठाइयों की बढ़ जाती है मांग

प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में विभागीय टीम ने मंगलवार को भट्टू मंडी स्थित विभिन्न दुकानों पर औचक जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार राठी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान मिठाइयों और पनीर सहित कुल 7 खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए सरकारी प्रयोगशाला भेजे गए। जांच कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम ने गुणवत्ता की पड़ताल के लिए खोया बर्फी के 2 सैंपल, जबकि रसगुल्ले, बूंदी के लड्डू, बेसन बर्फी, गुलाब जामुन और पनीर का एक-एक सैंपल एकत्र किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि त्योहारों के दौरान मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों की मांग बढ़ जाती है, जिसे देखते हुए आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई है।



फतेहाबाद। खाद्य पदार्थों की जांच करते खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार राठी ने सभी दुकानदारों को खाद्य पदार्थों की शुद्धता व गुणवत्ता बनाए रखने और विभागीय नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि कोई भी सैंपल मानकों पर खरा नहीं उतरा या फेल पाया गया, तो संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्रवाई के दौरान बिना वैध लाइसेंस या पंजीकरण के खाद्य कारोबार चलाने वाले दुकानदारों को भी अंतिम चेतावनी दी गई। अधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम जनता को भरोसा दिलाया कि त्योहारों के इस सीजन में लोगों को शुद्ध, ताजा और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए विभाग का यह चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

देश को शक्तिशाली बनाने का कार्य कर रहा है आरएसएसः डॉ. जगतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में भाग लेते स्वयंसेवक।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों का समापन और 101वां स्थापना दिवस का कार्यक्रम विजयदशमी के दिन गोविंद उपनगर सिरसा द्वारा डीएवी स्कूल सिरसा में आयोजित किया गया। इसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार ग्रोवर जिला संघचालक ने की। मुख्यातिथि ब्रह्मकुमारी बिंदू थी। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का पर्व बुराइयों पर अच्छाइयों की, असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की और कमजोरी पर शक्ति की जीत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ हिंदु धर्म को संगठित और राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने का कार्य कर रहा है। मुख्य वक्ता डॉ. जगतार सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 1925 से लेकर अब तक के 100 वर्षों का लेखा जोखा रखा। उन्होंने बताया कि इस विजय दशमी पर संघ के 101वें स्थापना दिवस पर सिरसा जिले में 37 मंडलों, 3 नगरों और 4 उपनगरों में 44 कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

23 से 26 अक्टूबर तक निरंकारी संत समागम

डबवाली। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की छत्रछाया में 79वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 'जागृति' 23 से 26 अक्टूबर तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में होगा। डबवाली के साथ-साथ चौटाला, अबूबशहर, ओढ़ां, बप्पां, नेजाडेला, पंजुआना, रोड़ी, रानियां व पूरे जिला सिरसा से श्रद्धालुजन भी समागम में पहुचेंगे। निरंकारी साध संगत चौटाला के मुखी डॉ. राजेंद्र यादव ने बताया कि संतों की निस्वार्थ सेवा, परिश्रम और समर्पण से सामान्य सा प्रतीत होने वाला मैदान आज एक दिव्य आध्यात्मिक नगरी का स्वरूप धारण कर चुका है।

अग्रोहा धाम में होने वाले वार्षिक मेले का निमंत्रण देने रतिया पहुंचे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

अग्रोहा धाम में 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले वार्षिक मेले का निमंत्रण देने के लिए सोमवार को अग्रोहा धाम से पदाधिकारियों की टीम रतिया पहुंची।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल चूडिय़ा राम गोयल, अनंत अग्रवाल और रामफल गोयल ने अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल सभा के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें मेले में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा रतिया के अध्यक्ष प्रमोद बंसल सहित सभा के अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया और मेले का निमंत्रण स्वीकार किया। इस दौरान अग्रोहा धाम से आए प्रतिनिधियों ने अग्रवाल सभा के सदस्यों के साथ वार्षिक मेले को लेकर चर्चा की। उन्होंने अग्रवाल समाज के लोगों से 25 अक्टूबर को अग्रोहा धाम पहुंचकर वार्षिक मेले में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की। यहां आयोजित होने वाला वार्षिक मेला समाज के लोगों को एकजुट होने तथा अपनी परंपराओं से जुडऩे का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर सतपाल जिंदल, डॉ. नरेश जिंदल, राजकुमार सिंगला, जनक राज गोयल, दिनेश गोयल और संजय मोदी सहित अग्रवाल सभा के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। भजन गायिका साक्षी अग्रवाल के भजनों के पर झूमते श्रद्धालु।

नौ दिन तक सजा रहा मैया रानी का दरबार

नवरात्र के उपलक्ष्य में गजानन मित्र मंडल की ओर से नौ दिन तक मैया रानी का दरबार सजाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न कलाकारों ने अलग-अलग दिन माता के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई और भजनों के माध्यम से मैया की महिमा का गुणगान किया। प्रतिदिन श्रद्धालु दरबार में पहुंचकर माता की आराधना और भजन-कीर्तन में शामिल हुए। अष्टमी के पावन दिन साक्षी अग्रवाल की भजन प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। उनकी मधुर आवाज और भक्तिमय भेंटों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। रामनवमी के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। पूरा क्षेत्र माता के जयकारों से गूंजता रहा और भक्तिमय वातावरण के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ।

घग्गर नदी का प्रदूषण बेहद गंभीरः सैलजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा हरियाणा के जल संकट, घग्गर नदी के प्रदूषण, बाढ़ नियंत्रण तथा किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं पर दिए गए जवाब को बेहद चिंताजनक बताया है।सांसद ने कहा कि मंत्रालय के 19 अक्टूबर 2026 के आधिकारिक जवाब ने स्पष्ट कर दिया है कि हरियाणा में जल प्रबंधन की स्थिति गंभीर है, लेकिन किसानों और आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए अभी तक अपेक्षित ठोस एवं समयबद्ध कार्ययोजना सामने नहीं आई है। सैलजा ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के समक्ष हरियाणा से संबंधित दस महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए थे। इनमें यमुना-घग्गर नदी लिंक परियोजना, घग्गर को प्रदूषणमुक्त करना, नदी के तटबंधों की मजबूती, गाद की सफाई, नहरों का आधुनिकीकरण, टेल तक सिंचाई का पानी पहुंचाना, भूजल संरक्षण तथा केंद्र-राज्य संयुक्त जल प्रबंधन योजना प्रमुख थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रालय ने अपने जवाब में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए स्वीकार किया है कि घग्गर नदी के दो प्रदूषित हिस्से, एक पंजाब और दूसरा हरियाणा में, सर्वाधिक गंभीर प्राथमिकता एक श्रेणी में आते हैं। यह आसपास रहने वाले लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

राष्ट्रीय एकता शिविर में भट्टू कलां की हस्तियों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के पांचवें दिन भट्टू कलां क्षेत्र की अनेक विशिष्ट व गणमान्य हस्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर अतिथियों ने शिविरार्थियों के साथ अपने विचार व अनुभव साझा करते हुए युवाओं को सामाजिक मूल्यों, आपसी भाईचारे, नैतिकता तथा जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. दिनेश कुमार शर्मा एवं डॉ. रोहतास कड़वासरा की उपस्थिति में अतिथियों के भव्य स्वागत के साथ हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम विंडो प्रतिनिधि एवं सदस्य सतबीर धूपका ने कहा कि वर्तमान और पुराने समय की जीवनशैली में काफी बदलाव आ गया है। उन्होंने भावुक होते हुए बीते दौर को याद किया, जब युवा और बच्चे मिल-जुलकर खेलते थे तथा समाज में सामूहिकता व मेलजोल को सर्वोपरि माना जाता था। उन्होंने स्वयंसेवकों का आह्वान किया कि वे आधुनिकता के दौर में भी आपसी सहयोग, प्रेम और एकता की भावना को जीवित रखें। विशिष्ट अतिथि जसवंत माचरा ने सभी को विजयदशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।



भट्टूकलां। एनएसएस शिविर के दौरान सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

गिआंश को मिला सिरसा युवा स्केटर का अवार्ड

सिरसा। 5वीं ओपन स्केटिंग चैंपियनशिप में दूसरे दिन भी रोमांच का स्तर बना रहा। क्लब की निदेशक डॉ. रवीना ने बताया कि अंडर-6 में नायरा ने अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं सिरसा के युवा स्केटर गिआंश ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर खेल जगत में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए सिरसा युवा स्केटर अवार्ड का पुरस्कार प्राप्त किया। डॉ. रवीना ने बताया कि स्केटिंग जैसे खेल में सफलता पाने के लिए शारीरिक संतुलन, गति, अनुशासन और एकाग्रता की आवश्यकता होती है। गिआंश ने इन सभी पहलुओं पर मेहनत करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। गिआंश की इस उपलब्धि से अन्य बच्चों और युवाओं को भी खेलों में भाग लेने तथा अपनी प्रतिभा निखारने की प्रेरणा मिलेगी।

नशा युवाओं की बर्बादी का कारण इसे छोड़कर शिक्षा से जुड़ेंः भवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नशा आज युवाओं की रगों में दीमक की तरह फैल रहा है, जो न केवल उनके भविष्य को बल्कि पूरे परिवार को अंधेरे में धकेल रहा है। युवाओं को इस दलदल से निकालकर खेलों और शिक्षा से जोडऩा हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। यह बात नशामुक्ति सेना के अध्यक्ष भवानी सिंह ने 'नशे को ना-क्रिकेट को हां' अभियान के तहत उकलाना में आयोजित 'सूरेवाला हिसार क्रिकेट चैम्पियनशिप' के समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में युवाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे नशे जैसी कुप्रथा को हमेशा के लिए त्याग दें और अपना पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई तथा खेलकूद गतिविधियों पर केंद्रित करें। नशामुक्ति सेना एवं महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें खेलों से जोडऩे के उद्देश्य से इस भव्य क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में कुल 40 टीमों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला नरवाना और दनौंदा की टीमों के बीच बेहद रोमांचक माहौल में खेला गया। कड़े मुकाबले के बाद नरवाना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और विजेता ट्राफी पर कब्जा जमाया, जबकि दनौंदा की टीम उपविजेता रही और प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया।



फतेहाबाद। विजेता टीम को सम्मानित करते नशामुक्ति सेना अध्यक्ष भवानी सिंह।

रविंद्र बलियाला ने कांग्रेस को घेरा

रतिया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रो. रविंद्र बलियाला ने कहा कि हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार किसानों की धान की फसल का दाना-दाना खरीदने के अपने संकल्प पर कायम है तथा किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। प्रो. रविंद्र बलियाला भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव वधवा के कार्यालय में पहुंचे थे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रो. बलियाला ने कहा कि कांग्रेस के नेता किसानों के नाम पर केवल राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं। किसानों की समस्याओं को लेकर राजनीति करने की बजाय कांग्रेस को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए।



सिरसा। खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त करते मुख्यअतिथि।

मनीष सिंगला ने दिया नशे से दूर रहने का संदेश

सिरसा। गांव मोरीवाला में नाथ समाज की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई गई जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के खिलाफ बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों की कुल 17 टीमों ने भाग लिया है। कार्यक्रम में हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान मनीष सिंगला ने बतौर मुख्यातिथि टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। मुख्यातिथि ने उपस्थितजनों से कहा कि इस सामाजिक व खेल पहल के लिए नाथ समाज बधाई का पात्र है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहें। इसके लिए युवाओं को खेलों से जुडऩा होगा, मैदानों का रुख करना होगा और भक्ति व परमात्मा के साथ जुडऩा होगा। जब युवा सेहतमंद और संस्कारवान बनेगा, तभी समाज का संपूर्ण विकास होगा और परिवारों का सही तरीके से पालन पोषण हो सकेगा। मनीष सिंगला ने बताया कि हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट केवल समाज सेवा ही नहीं, बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी एक विशेष मुहिम चला रहा है। ग्रामीण अंचल की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए ट्रस्ट लगातार खेल आयोजनों को समर्थन दे रहा है।

अटल किसान कैंटीन का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता जांची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

अनाज मंडी में स्थित अटल किसान कैंटीन का मंगलवार को मार्केट कमेटी चेयरमैन राज कुमार मेहता ने दौरा कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंटीन में भोजन तैयार करने की व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों के लिए बनाए जा रहे खाने की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने कैंटीन में साफ-सफाई तथा भोजन तैयार करने की प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन राज कुमार मेहता ने रसोई में जाकर देखा कि भोजन किस प्रकार तैयार किया जा रहा है। उन्होंने खाने की गुणवत्ता और स्वच्छता पर ध्यान देते हुए कैंटीन में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



अटल किसान कैंटीन में किसानों ,मजदूरों, के साथ-साथ आमजन को भी भोजन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है, जिससे मंडी में आने वाले किसानों, व्यापारियों, मजदूरों तथा अन्य लोगों को भी लाभ मिलता है। अनाज मंडी में फसल खरीद के सीजन के दौरान बड़ी संख्या में किसान,मजदूर पहुंचते हैं। ऐसे में कैंटीन में भोजन की सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को काफी सहूलियत मिलती है।

डीटीपी विभाग ने पुलिस बल की मौजूदगी में की कार्रवाई

भूना में अवैध कॉलोनी पर चला प्रशासन का चाबुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

शहर के टोहाना रोड पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के खिलाफ जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने कार्रवाई की। डीटीपी मनदीप सिहाग के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से कॉलोनी में बनाई गई मिट्टी की सडक़ों को उखाड़ दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल तैनात रहा और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आज की कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं लोक निर्माण विभाग के एसडीओ रण सिंह की निगरानी में की गई। एनफोर्समेंट ब्यूरो विंग फतेहाबाद की पुलिस फोर्स की मौजूदगी में टीम ने कॉलोनी में अवैध रूप से किए गए निर्माण और सडक़ संबंधी कार्यों को हटाया। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों में हलचल रही। टीम में सहायक सुरेश कुमार, फील्ड इंस्पेक्टर पुष्पा, जेई अंकित और जेई संदीप कुमार शामिल रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में टीम ने मौके पर पहुंचकर कॉलोनी में किए जा रहे अवैध विकास कार्यों के खिलाफ कार्रवाई की।



भूना। टोहाना रोड पर अवैध कॉलोनी में सड़क उखाड़ती डीटीपी विभाग की टीम।

अवैध कॉलोनी विकसित करने की मिली थी सूचना

डीटीपी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, टोहाना रोड पर आवश्यक अनुमति के बिना कॉलोनी विकसित किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम ने जेसीबी की सहायता से मिट्टी की सडक़ों सहित अन्य निर्माण कार्यों को हटाया। विभाग ने स्पष्ट किया कि निर्धारित नियमों के तहत जरूरी मंजूरी लिए बिना कॉलोनी विकसित करने और निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लोगों को भी ऐसी कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से पहले संबंधित विभाग से कॉलोनी की वैधता और जरूरी स्वीकृतियों की जानकारी लेने की सलाह दी जाती है।कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय निरीक्षक पुष्पा, कनिष्ठ अभियंता संदीप कुमार व अंकित कुमार, सहायक सुरेश कुमार सहित विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हुई।

खबर संक्षेप

सिंगला बने बाबा सरसाई नाथ सेवा ट्रस्ट के उपप्रधान

सिरसा। बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट की वार्षिक बैठक मंगलवार को सिरसा की हिसार रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट के प्रत्येक सदस्य एवं उनके परिवार के सदस्यों के जन्मदिन पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके अलावा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की जाएगी। बैठक में चंद्रमोहन सिंगला को सर्वसम्मति से उपप्रधान तथा एडवोकेट राजकुमार सिंगला को सचिव नियुक्त किया गया। उपस्थित सदस्यों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

पुलिस लाइन में श्री अखंड पाठ साहिब का प्रकाश 24 को

सिरसा। पुलिस विभाग सिरसा व डबवाली द्वारा क्षेत्र में सुख-समृद्धि, लोक शान्ति, खुशहाली और जगत कल्याण की मंगलकामना को लेकर पुलिस लाइन सिरसा में श्री अखंड पाठ साहिब प्रकाश करवाया जा रहा है। समस्त जिला पुलिस सिरसा द्वारा इस पावन धार्मिक समागम की तैयारियां पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ शुरू कर दी गई हैं। एसआई तरसेम सिंह ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत 24 अक्टूबर को सुबह 10.15 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के प्रकाश के साथ होगी। इसके बाद 48 घंटे तक निरंतर गुरबाणी का पाठ चलेगा। 26 अक्टूबर को सुबह 11:15 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला जाएगा।

कालांवाली में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन कल

सिरसा। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा व वोट बचाओ-देश बचाओ कांग्रेस सिरसा जिला प्रभारी चंद्रमोहन बिश्नोई 22 अक्तूबर को कालांवाली की अनाजमंडी में दोपहर अढ़ाई बजे आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों, मजदूरों और मतदाताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस के सिरसा जिला प्रभारी भी शामिल होंगे। कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला ने बताया कि प्रदेश में धान की खरीद को लेकर किसानों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गुरुग्राम-नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण लाइसेंस का विरोध

कर्मचारी संगठनों ने सरकार व मंत्रियों के पुतले फूंके, नारेबाजी कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा में बिजली वितरण के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों का गुस्सा फूट पड़ा है। बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा, फतेहाबाद के बैनर तले आयोजित रोष प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि बीएसएनएल की तर्ज पर सूबे के बिजली विभाग को धन्नासेठों के कब्जे में नहीं जाने दिया जाएगा। निजीकरण के इस कदम के खिलाफ अब आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया गया है।

कर्मचारी बोले, निजीकरण को बढ़ावा दे रही सरकार

आंदोलन की शुरुआत करते हुए मंगलवार को फतेहाबाद में बिजली कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया और लाल बत्ती चौक पर दशहरा पर्व पर सुबह 11 बजे केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और एचईआरसी अध्यक्ष मुकेश गर्ग के पुतले फूंके गए। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता अशोक कुमार पन्नू, फकीर चंद सैनी, पवन सेलवाल और भूप सिंह ने की, जबकि मंच का संचालन रामनिवास शर्मा और सुरेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान नगर पालिका संघ से रमेश तुषामड, एसकेएस ब्लॉक प्रधान राजपाल मित्तल, विजयपाल जाखड़, अमित शर्मा, जगमिंदर, सत्यवान, आत्माराम, विष्णु बिश्नोई और किसान नेता कल्याण सिंह ने भी पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया।



फतेहाबाद। निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

सार्वजनिक बिजली व्यवस्था को कॉरपोरेट घरानों के हाथों देने की कोशिश

संघर्ष मोर्चा के नेताओं के अनुसार, सरकार की कथित मिलीभगत से हरियाणा बिजली नियामक आयोग द्वारा गुरुग्राम और नूंह जिलों के लिए निजी कंपनी 'इलेवन पावर' को 25 वर्षों के लिए समानांतर वितरण लाइसेंस देने का फैसला दशहरे से ठीक एक दिन पहले लिया गया है। इसे जनता-विरोधी, कर्मचारी-विरोधी और वायदाखिलाफी करार देते हुए मोर्चे ने आरोप लगाया है कि यह आदेश केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि हरियाणा की पूरी सार्वजनिक बिजली व्यवस्था को कॉरपोरेट घरानों के हाथों नीलाम करने की दिशा में उठाया गया पहला कदम है।

22 से 24 तक रहेगी पूर्ण हड़ताल

इसके विरोध में संघर्ष मोर्चा ने आंदोलन की घोषणा की है। इसके तहत 21 अक्टूबर को हरियाणा बिजली नियामक आयोग के इस आदेश की प्रतियां जलाई जाएंगी और सभी यूनिटों व सब-यूनिटों पर गेट मीटिंग आयोजित होंगी। 22, 23 एवं 24 अक्टूबर को बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों और अधिकारियों की चारों यूनियनों के साझा आह्वान पर प्रदेशभर में लगातार 3 दिन की पूर्ण हड़ताल रहेगी। हड़ताल के तीसरे दिन आगे की रणनीति का ऐलान किया जाएगा। यदि सरकार ने फैसला वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदला जा सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

सिरसा में कर्मचारी संगठन बोले

निजीकरण की साजिश को सहन नहीं करेंगे

फैसले से बिजली निगमों के भविष्य, कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा तथा आम उपभोक्ताओं के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर्स संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को सिरसा सर्कल में बिजली कर्मचारियों ने बिजली के निजीकरण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा हरियाणा बिजली नियामक आयोग के चेयरमैन मुकेश गर्ग के पुतले फूंके। इस प्रदर्शन में सतिंदर मोंगा सर्कल सचिव, मदन कंबोज सर्कल सचिव, सीताराम सोनी यूनिट प्रधान, मीत चंद यूनिट प्रधान, सुरेश मंगल सेक्रेट्री, सतवीर नाथूसरी, राकेश जांगड़ा माधोसिंघाना, जसपाल, अमरीक धर्मेंद्र, राकेश जांगड़ा, विनोद जांगड़ा, कालांवाली से लखवीर यूनिट सचिव, राजवीर, सुरजीत बेदी, अविनाश कंबोज, विजय सैनी आदि कर्मचारियों ने सरकार की निजीकरण नीतियों के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए बिजली निगमों को बचाने तथा कर्मचारियों, किसानों और आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि गुरुग्राम और नूंह जिलों में निजी कंपनी को 25 वर्षों के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने के फैसले से सरकारी बिजली निगमों के भविष्य, कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा तथा आम उपभोक्ताओं के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की आशंका है।

कर्मचारियों ने कहा कि बिजली जैसी आवश्यक जनसेवा को निजी कंपनियों के हवाले करने के किसी भी प्रयास का कर्मचारी पुरजोर विरोध करेंगे। बिजली कर्मचारियों ने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने तथा बिजली वितरण व्यवस्था को सार्वजनिक क्षेत्र में सुरक्षित रखने की मांग की। संयुक्त मोर्चा द्वारा घोषित संघर्ष कार्यक्रम के तहत 21 अक्टूबर को एचईआरसी के आदेश की प्रतियां जलाई जाएंगी तथा 22, 23 और 24 अक्टूबर को प्रदेशव्यापी तीन दिवसीय हड़ताल की जाएगी।

प्रदर्शन के माध्यम से कर्मचारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि बिजली निगमों और जनहित की रक्षा के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा तथा निजीकरण के फैसले के खिलाफ आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

राष्ट्रीय बैंडी आइस हॉकी का चैंपियन बना हरियाणा, तीन स्वर्ण पदक जीते

- गुरुग्राम के आइस स्केट प्रांगण में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

बेंडी एसोसिएशन आफ इंडिया के तत्वावधान में गुरुग्राम के आइस स्केट प्रांगण में आयोजित आठवीं राष्ट्रीय स्तरीय बैंडी प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने शानदार और ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए ओवरआल चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और मेजबान हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 480 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्ग की स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। हरियाणा राज्य से 50 सदस्यीय टीम ने हरियाणा बैंडी एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद कौशिक तथा प्रमुख कोच रवि ढिल्लों के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग लिया। हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए कुल तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए।



फतेहाबाद। राष्ट्रीय बैंडी आइस हाकी प्रतियोगिता में चैम्पियन बनी हरियाणा की टीम।

साक्षी अग्रवाल के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

फतेहाबाद। डीएसपी रोड स्थित लाजपत नगर में नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित मैया रानी की विशाल भजन संध्या में भक्ति का ऐसा रंग जमा कि श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे। गजानन मित्र मंडल की ओर से सजाए गए माता रानी के दरबार में भजन गायिका साक्षी अग्रवाल ने अपनी मधुर आवाज से ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल माता के जयकारों से गूंज उठा। भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए। कार्यक्रम में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था और रातभर दरबार में रौनक बनी रही। अष्टमी के पावन अवसर पर साक्षी अग्रवाल ने माता रानी के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। उन्होंने एक के बाद एक भेंटें प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। जैसे ही उन्होंने 'तेरी ज्योत मैं जगावां, तेरे वारे-वारे जावां' भजन सुनाया।

रामलीला में नशे के खिलाफ हुंकार ड्रग खत्म का करने का लिया संकल्प

- जय श्रीराम नगर नाट्यशाला के कार्यक्रम में पहुंचीं एसपी खट्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

जय श्रीराम नगर नाट्यशाला की रामलीला में नवदुर्गा की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही अंगद का पांव जमाने और लक्ष्मण मूर्च्छा के भावपूर्ण प्रसंगों का मंचन हुआ। रामलीला में विशेष रूप से पहुंचीं एसपी जसलीन कौर और एसडीएम योगेश ने जहां कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की वहीं मंच से नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर डीएसपी योगेश कटारिया, थाना शहर प्रभारी अवतार सिंह व अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे। हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देवकुमार शर्मा भी विशेष तौर पर शामिल हुए। प्रसिद्ध रंगकर्मी संजीव शाद ने एसपी जसलीन कौर और एसडीएम योगेश के नेतृत्व में पंडाल में उपस्थित दर्शकों को नशा न करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग देने की शपथ दिलाई। धार्मिक आयोजन के मंच से दिए गए इस संदेश ने रामलीला को सामाजिक जागरूकता से जोड़ दिया।



डबवाली। रामलीला के मंच से दर्शकों को नशे के खिलाफ शपथ दिलवाते एसपी।

सरकारी योजना के नाम पर विधवा महिला से ठगी

- दयालु योजना के पैसे न देने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

कालांवाली में सरकारी योजना के तहत मृतक बेटे के नाम पर पांच लाख रुपए की सहायता राशि दिलवाने का झांसा देकर एक विधवा महिला से ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में कालांवाली निवासी बलदेव कौर ने बताया कि वह अनपढ़ और आर्थिक रूप से कमजोर विधवा महिला हैं। उनके बेटे गुरदीप सिंह की 14 नवंबर 2024 को मृत्यु हो गई थी। शिकायत के अनुसार बेटे की मौत के बाद उनकी नाबालिग पोती भी उनके पास रह गई। महिला का आरोप है कि कुछ समय बाद गांव के ही कुलदीप सिंह ने उन्हें अपनी दुकान पर बुलाकर बेटे की मृत्यु के संबंध में 'दयालु योजना' के तहत पांच लाख रुपए की सहायता राशि दिलवाने का भरोसा दिया। इसके लिए गांव के ही अश्वनी कुमार को भी मौके पर बुलाया। आरोप है कि दोनों ने महिला से आधार कार्ड, बैंक खाते की जानकारी, मृत्यु प्रमाण पत्र और फैमिली आईडी सहित आवश्यक दस्तावेज लेकर ऑनलाइन प्रक्रिया करवाने की बात कही। शिकायत के अनुसार महिला से ऑनलाइन खर्च के नाम पर 350 रुपए भी लिए गए। महिला ने आरोप लगाया कि 17 जून 2025 को उनके तथा उनकी नाबालिग पोती के संयुक्त बैंक खाते में 2.50 लाख रुपए की राशि आई। इसके बाद 18 जून 2025 को आरोपियों के कहने पर वह बैंक गईं, जहां उनके खाते से 2.45 लाख रुपए निकलवा लिए गए। वहीं, अश्विनी ने एक लाख रुपए मेरे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते में जमा करवाए गए और शेष 1.45 लाख रुपए अपने पास रख लिए जाने का आरोप है।



कालांवाली। शिकायत पत्र दिखाती पीड़ित विधवा महिला।

शहीद मदनलाल ढींगरा चौक का हुआ शिलान्यास

- वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर लोगों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी परिवार के अथक प्रयासों के बाद आखिरकार शहर के मिनी बाईपास पर शहीद मदनलाल ढींगरा के नाम से चौक के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। वर्ष 2019 में पास हुए इस चौक को अब भव्य और सुंदर रूप देने का कार्य आरंभ कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस चौक पर महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद मदनलाल ढींगरा की एक सुंदर प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसे विशेष रूप से जयपुर के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार करवाया जा रहा है। शहीद मदनलाल ढींगरा चौक के निर्माण कार्य की शुरुआत श्री विचार आश्रम मंदिर फतेहाबाद के प्रमुख स्वामी विज्ञान प्रेमानंद द्वारा पूरी विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ नारियल तोड़कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने स्वामी जी का भव्य स्वागत किया।



फतेहाबाद। मिनी बाईपास पर शहीद मदनलाल ढींगरा चौक का शिलान्यास करते स्वामी विज्ञान प्रेमानंद व अन्य अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

ऐतिहासिक उपलब्धि

समारोह में ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा और प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ ने पूरे पंजाबी परिवार को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से इस नेक और शुभ कार्य को पूरा करवाने के लिए जो प्रयास किए गए थे, वे आज रंग लाए हैं। इस मुकाम तक पहुंचने में प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं और सामाजिक गणमान्य लोगों का बहुमूल्य सहयोग रहा। इसके साथ ही नगर परिषद फतेहाबाद के अध्यक्ष राजेंद्र खींची, वाइस चेयरमैन सविता टुटेजा व अर्जुन कटारिया का भी विशेष रूप से आभार जताया गया।

गुरमुखी प्रशिक्षण शिविर का समापन 80 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

कालांवाली। गांव जगमालवाली में पंजाबी मातृभाषा, गुरमुखी लिपि और सिख विरासत से नई पीढ़ी को जोडने के उद्देश्य से लगाए गए प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर 80 विद्यार्थियों को सम्मान पत्र भेंट किए गए, जबकि सुंदर लिखाई करने वाले बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। गुरमुखी सिखाने वाली टीम को भी सिख संगत और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सम्मानित किया। शिविर में मास्टर सुरिंदरपाल सिंह, एडवोकेट गुरमीत सिंह खालसा, मास्टर अमरजीत सिंह गदराणा और भूपिंदर पन्नीवालिया ने बच्चों को गुरमुखी पढने-लिखने का प्रशिक्षण दिया। एडवोकेट गुरमीत सिंह खालसा ने कहा कि बच्चों को अपनी भाषा, संस्कृति और विरासत से जोडना माता-पिता का प्राथमिक कर्तव्य है। सुरिंदरपाल सिंह ने कहा कि सभी भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।



कालांवाली। गुरमुखी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते विद्यार्थी।

मॉक ड्रिल में जवानों की क्षमता, अनुशासन और टीमवर्क का किया आकलन

मैदान में परखी जवानों की मुस्तैदी, भीड़ नियंत्रण का अभ्यास किया

डीएसपी नरसिंह ने मॉक ड्रिल के दौरान जवानों को भीड़ नियंत्रण के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस की तत्परता, जवानों का अनुशासन और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल ही आमजन की सुरक्षा का सबसे मजबूत आधार होता है। इसी उद्देश्य को लेकर पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस जवानों को कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों, भीड़ नियंत्रण, आगजनी, राहत एवं बचाव कार्यों तथा घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने की प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास करवाया गया। माक ड्रिल के माध्यम से पुलिस बल की तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता, अनुशासन और टीमवर्क का गहनता से आकलन किया गया। डीएसपी नरसिंह ने इस दौरान जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए हर परिस्थिति में आमजन की सुरक्षा को सर्वोपरि रखने पर विशेष बल दिया।



फतेहाबाद। मॉक ड्रिल में भाग लेते पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

संयम और सतर्कता बहेद जरूरी

डीएसपी नरसिंह ने मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस जवानों को विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने का प्रशिक्षण दिया। भीड़ नियंत्रण के दौरान पुलिस बल की तैनाती, आपसी तालमेल, सुरक्षा उपकरणों का सुरक्षित एवं नियमानुसार प्रयोग तथा अचानक उत्पन्न होने वाली चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने की तैयारियों को परखा गया। जवानों को समझाया गया कि संवेदनशील परिस्थितियों में जल्दबाजी या अनावश्यक बल प्रयोग के बजाय संयम, सतर्कता और परिस्थितियों के अनुरूप उचित निर्णय लेना बेहद आवश्यक है। मॉक ड्रिल का महत्वपूर्ण हिस्सा आगजनी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों पर केंद्रित रहा। इस दौरान फायर ब्रिगेड के माध्यम से अग्निशमन एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक अभ्यास किया गया। आग लगने की स्थिति में प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित करने, लोगों को खतरे से दूर ले जाने, अग्निशमन संसाधनों के उपयोग तथा बचाव कार्यों में आपसी समन्वय बनाए रखने की प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। मॉक ड्रिल के दौरान किसी दुर्घटना अथवा आपात स्थिति में घायल व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, उन्हें प्राथमिक सहायता उपलब्ध करवाने और एम्बुलेंस के माध्यम से शीघ्र अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005